हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 दिगौड़ा में सरेराह गोली मारकर 50 वर्षीय व्यक्ति की हत्या, कस्बे...



09 अकादमिक व्यवस्थापकों के हड़ताल पर जाने से प्रौढ़ शिक्षा परीक्षा...



खबर संक्षेप

सेवादल का ध्वजारोहण कार्यक्रम जवाहर गंज वार्ड में होगा संपन्न

सागर। अक्टूबर माह के इस अंतिम रविवार को होने वाले शहर सेवादल का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के पास,तारघर, जवाहरगंज वार्ड में वरिष्ठ गांधीवादी नेता कैलाशचंद्र सिंघई के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल के प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, नगरनिगम पार्षद गणों, यंग बिग्रेड और सेवादल परिवार जनों से 25 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

आतिशबाजी विक्रेता संघ ने विधायक से की मुलाकात

सागर। दीपावली पर्व के पूर्व नगर के आतिशबाजी विक्रेता संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नव नियुक्त अध्यक्ष विकास केसरवानी के नेतृत्व में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के निवास पर पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने विधायक जैन से मुलाकात कर दीपावली पर्व की तैयारियों एवं संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। विधायक जैन ने सभी सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया तथा दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव, उमंग गुप्ता, किशन केसरवानी, रोशन केसरवानी, अंशुल गुप्ता, राकेश गुप्ता, निलेश जैन, शुभम ठाकुर, नीरज जैन, मनोज जैन, अजय खटीक, चक्रेश जैन एवं जीतू चौरसिया उपस्थित रहे।

हृदय के अंदर रावण प्रवृत्ति को मारना है : निकेश

सागर। एकता समिति द्वारा भगवान गंज स्थित एक स्कूल के प्रांगण में दशहरा मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महासचिव निकेश गुप्ता थे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शरद गुप्ता ने की। विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी रो.शरदकांत सोनी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया गया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कमलचंद जैन ने मंगल भावना गीत गाकर मंगल प्रार्थना की । इस अवसर पर निकेश गुप्ता ने कहा कि दशहरा पर्व हमें यह शिक्षा देता है कि रावण को जलाकर हम दशहरा मनाते हैं परंतु इंसान के अंदर रावण प्रर्वती को मारना ही सही दशहरा पर्व का उद्देश्य है। एकता समिति ऐसी अनोखी कार्यक्रम करती है जिससे समाज को प्रेरणा मिलती है। संस्थापक रशीद भाई ने कहा कि नौ देवियों का रूप होती है कन्या आज सुरक्षित नहीं है हमें अपने अंदर इंसानियत को जगाना है और अंदर के रावण को मारना है। राजेंद्र सोनी अनिल गंगवानी ने देवी मां के भजन सुनाए।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर को

सागर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा 31 अक्टूबर को रविन्द्र भवन सभागार में किया जाएगा। युवा उत्सव में इस वर्ष पांच विधाओं—पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। लोकनृत्य में केवल हिंदुस्तानी शैली मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि पर प्रस्तुति मान्य नहीं होगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित एवं क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को भारत सरकार के पोर्टल पर निर्धारित तिथि से पूर्व पंजीयन कराना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीयन के बिना प्रतिभागी युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकेंगे।

ग्राम मुआर में नदी से बरामद हुआ था गुमशुदा युवक का शव

देवरी में युवक की संदिग्ध मौत के मामले में चार पर प्रकरण दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलॉ

देवरी थाना के ग्राम मुआर में विगत 16 अक्टूबर को पुलिस द्वारा नदी से बरामद हुए युवक के शव के मामले पुलिस द्वारा जांच एवं परिजनों के बयानों के आधार पर 4 युवकों के विरूद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी थाना के ग्राम मुआर से विगत 16 अक्टूबर को पुलिस द्वारा ग्राम के समीप स्थित रोजा हार नामक स्थान पर नदी से गुमशुदा हुए 42 वर्षीय युवक का शव गोताखोरों सहायता से बरामद किया गया था। मुआर निवासी गब्बर सिंह राजपूत नामक उक्त युवक 15 अक्टूबर को घर से खेत गया था जिसके वह गायब हो गया था जिसके संबंध में उसके भाई ऐंदल सिंह राजपूत द्वारा देवरी थाना में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।



परिजनों ने जताई थी हत्या की आशंका

युवक की संदिग्ध मौत को लेकर परिजनों द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त की गई थी, परिजनों द्वारा पुलिस को बताया गया था कि मृतक गांव के ही 4 युवकों के साथ गया था जिसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया था। जिसके बाद गुमशुदा का जूते खेत के समीप नदी के पास पड़े हुए पाये गये थे। परिजनों द्वारा हत्या की शंका जाहिर कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई थी।

पुलिस ने जांच के बाद किया मामला दर्ज

थाना पुलिस के अनुसार परिजनों द्वारा लगाये गये आरोपों एवं जांच में सामने आये घटना दिनांक के एक सीसीटीव्ही कैमरा फुटेज में एक संदेही द्वारा मृतक को नदी में फेकने की बात सामने आई है। पुलिस द्वारा बताया गया कि सीसीटीव्ही फुटेज में संदेही युवकों के कपड़े भींगे होने की बात भी उजागर हुई है जिसके आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी कुलदीप गौड़, हजारी गौड़, चन्द्रभान गौड़, वीरेन्द्र गौड़ के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (अ) एवं 3-5 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

पुलिस द्वारा दर्ज किये गये हत्या के प्रकरण में वारदात के कारण अब तक सामने नही आये है, हत्या के कारण एवं वारदात दौरान हुए घटनाक्रम की जानकारी पुलिस की जांच में आने संभावना है।



चंद्रा पार्क के संस्थापक स्व. डॉ. सी.बी. सिंह की प्रतिमा का विधायक जैन ने किया लोकार्पण

सागर। सिविल लाइन स्थित चंद्रा पार्क के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. सी.बी. सिंह 'चंदू भैया' की प्रतिमा का लोकार्पण विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्क से जुड़े पुराने सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्व. डॉ. सिंह के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन स्थित चंद्रा पार्क का निर्माण स्वर्गीय डॉ. सी.बी. सिंह 'चंदू भैया' द्वारा कराया गया था। समय के साथ यह पार्क बदहाली की स्थिति में पहुंच गया था, तब विधायक शैलेंद्र जैन ने विधायक निधि से इसके संरक्षण एवं विकास की पहल की थी। तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इस पार्क का लोकार्पण किया गया था। इसके पश्चात विधायक शैलेंद्र जैन के प्रयासों से स्मार्ट सिटी के माध्यम से पार्क का व्यापक विकास एवं सौंदर्यीकरण किया गया। आज यह पार्क अपने सुंदर एवं विकसित स्वरूप में सागर शहर की एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक धरोहर के रूप में स्थापित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक सैर एवं मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं। स्वर्गीय डॉ. सी.बी. सिंह 'चंदू भैया' के पार्क निर्माण एवं शहर के प्रति योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से विधायक जैन ने अपनी विधायक निधि से उनकी प्रतिमा स्थापित करवाई।



गढ़ाकोटा में संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता आयोजित, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता 2026 का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी विशिष्ट अतिथि रहे। प्राचार्य डॉ. भारती ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। मनोज तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए निरंतर अभ्यास कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही। टीम मैनेजर जयश्री राठौर ने छात्राओं को जूडो-कराटे सहित आत्मरक्षा गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग से प्रियंका बेन, जया यादव, अनुष्का, श्रद्धा दांगी, आराधना एवं अंजली तथा पुरुष वर्ग से आयुष कुजूर ने सहभागिता की। प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं मनोज तिवारी ने पूर्व मंत्री एवं विधायक पं. गोपाल भार्गव की ओर से खिलाड़ियों एवं टीम मैनेजरों को उपहार स्वरूप बैग भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन शिम्पी मौर्य एवं दीपक वर्मन ने किया। आभार डॉ. पवन शर्मा ने व्यक्त किया। आयोजन में क्रीड़ाधिकारी राजीव दुबे, प्रभारी पुष्पेंद्र वर्मन सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दीपावली पर सुरक्षा सर्वोपरि, निर्धारित स्थानों पर ही करें पटाखों का भंडारण और विक्रय: कलेक्टर

सागर । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिले में पटाखों के भंडारण एवं विक्रय को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पटाखों के भंडारण और विक्रय की व्यवस्था निर्धारित नियमों के अनुसार की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर पाल ने निर्देशित किया कि पटाखों का भंडारण केवल निर्धारित एवं अधिकृत स्थानों पर ही किया जाए। पटाखों का विक्रय भी निर्धारित नियमों के तहत अधिकृत व्यक्तियों द्वारा ही सुनिश्चित किया जाए। बिना वैध अनुमति पटाखों का भंडारण, विक्रय अथवा अन्य गतिविधियां संचालित नहीं की जाएं।

पारंपरिक खेल शारीरिक सौष्ठव के साथ मानसिक एकाग्रता और अनुशासन गढ़ते हैं: प्रो. सरोज गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय संस्कृति और प्राचीन खेलों को पुनर्जीवित करने की दिशा में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर की प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता के कुशल निर्देशन में संभाग स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता का अत्यंत रोमांचक और भव्य आयोजन किया गया। युवा पीढ़ी को उनकी मिट्टी से जोड़ने वाली इस अनूठी परंपरा के लगातार दूसरे वर्ष भी महाविद्यालय केंद्र बिंदु बना, जहाँ खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत संतुलन और अदम्य साहस से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



प्रतियोगिता का गरिमामय शुभारंभ भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं विशिष्ट अतिथियों—जिला उपाध्यक्ष निकेश गुप्ता तथा क्षेत्रीय खेल संचालक शर्मिला डाबर की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पवनपुत्र भगवान श्री हनुमान जी के पूजन-अर्चन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ विधिवत संपन्न हुई, जिसके पश्चात महाविद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। समारोह के स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता ने कहा कि मलखंब जैसे प्राचीन और पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक सौष्ठव को तराशते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में मानसिक एकाग्रता, अनुशासन और संकट के समय त्वरित निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि श्याम तिवारी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि इस तरह के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना और उन्हें जन-जन तक पहुँचाना उच्च शिक्षा विभाग की एक सराहनीय पहल है, जो युवाओं को भटकाव से बचाकर अनुशासित बनाती है।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में उच्च शिक्षा विभाग क्षेत्रीय कार्यालय सागर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. रामकुमार गोस्वामी, प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता, डॉ. इमराना सिद्दीकी एवं डॉ. अमर कुमार जैन ने विजेता व उपविजेता टीमों को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान कर गौरवान्वित किया।

कमिश्नर दिलीप कुमार ने आपचंद मध्यम सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण

सागर। कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार ने सागर जिले के रहली क्षेत्र के ग्राम आपचंद पहुंचकर निर्माणाधीन आपचंद मध्यम सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, मुआवजा भुगतान एवं प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की जानकारी ली। आपचंद मध्यम सिंचाई परियोजना का निर्माण ग्राम आपचंद के समीप गदेरी नदी पर किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन ने 4 अक्टूबर 2018 को परियोजना के लिए 162.66 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की थी। परियोजना पूर्ण होने पर 19 ग्रामों के 4,830 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना का 60 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसे जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। कमिश्नर श्री दिलीप कुमार ने निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। परियोजना से चार ग्रामों की 361 हेक्टेयर निजी भूमि प्रभावित हो रही है। इसका 85 प्रतिशत मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित 96 परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्विस्थापन के लिए ग्राम आपचंद के समीप आदर्श कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। कमिश्नर ने प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं शेष मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली।



पटाखों के अवैध भंडारण, निर्माण और बिक्री पर रहेगी कड़ी नजर, संयुक्त दल करेगा मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर आम जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय दण्ड अधिकारियों को पटाखों के विक्रय एवं भंडारण की प्रभावी निगरानी के कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत पर्व अवधि में बाजार क्षेत्रों, पटाखा बिक्री स्थलों व अस्थायी दुकानों पर कर्मचारियों की राउंडवार ड्यूटी लगाकर सतत निरीक्षण करने, तथा सभी थोक व फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस और वैध दस्तावेजों की जांच करने को कहा गया है। साथ ही, पटाखों के अवैध निर्माण, भंडारण और विक्रय पर पूर्ण रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी विक्रेता प्रतिबंधित पटाखे न बेचे, लाइसेंस सीमा से अधिक स्टॉक न रखे और विस्फोटक नियमों के तहत अग्निशमन उपकरणों व सुरक्षा दूरियों का पालन करे। इस कार्य के लिए राजस्व, पुलिस, नगरपालिका और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का संयुक्त निरीक्षण दल गठित किया गया है, जो प्रतिदिन क्षेत्र का भ्रमण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। किसी भी स्थान पर अवैध गतिविधि या लापरवाही पाए जाने पर पुलिस के सहयोग से तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 111 तीर्थयात्री श्रवणबेलगोला यात्रा पर जाएंगे

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 24 अक्टूबर को सागर जिले से 111 तीर्थयात्रियों का श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित है। यात्रियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार सभी तीर्थयात्रियों को प्रदाय किए गए टिकट, फोटो एवं आधार कार्ड के साथ 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे तक कार्यालय कलेक्टर, जिला सागर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। कार्यालय कलेक्टर, जिला सागर से चयनित तीर्थयात्रियों को बस द्वारा बीना जंक्शन के लिए रवाना किया जाएगा। तीर्थयात्रियों को मौसम के अनुरूप वस्त्र, ऊनी कपड़े, व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री जैसे कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, आवश्यक दवाइयां एवं दाढ़ी बनाने का सामान साथ रखने की सलाह दी गई है। साथ ही सभी यात्रियों को अपना मूल आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड अनिवार्य रूप से साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं।



अंकिता भंडारी हत्याकांड : जिला शहर महिला कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

सागर। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के निर्देश पर जिला शहर महिला कांग्रेस द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर गौर मूर्ति तक निकाला गया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां और तख्तियां लेकर अंकिता भंडारी को न्याय दो के नारे लगाए। इस दौरान महिला कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए अंकिता भंडारी मामले के कथित वीआईपी संदेही भाजपा नेता दुष्यंत गौतम को राज्यपाल जैसे संवैधानिक और गरिमामय पद की जिम्मेदारी देने का पुरजोर विरोध किया। महिला कांग्रेस का कहना है कि यह निर्णय बेटियों की सुरक्षा और न्याय की भावना के खिलाफ है और इससे पीड़िता के परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद कमजोर होगी। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि अंकिता भंडारी हमारी बेटी थी, पूरे देश की बेटी थी। जिस वीआईपी का नाम इस जघन्य हत्याकांड में संदेह के घेरे में है, उसे सजा देने के बजाय राज्यपाल जैसे सर्वोच्च पद से नवाजा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह भाजपा का बेटी बचाओ का असली चेहरा है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी और अंकिता को न्याय दिलाकर रहेगी। जिला शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉक्टर किरण लता सोनी ने कहा हम आज यह कैंडल मार्च अंकिता की आत्मा की शांति और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए निकाल रही हैं।

बंडा सिंचाई परियोजना की विधायक लारिया ने की समीक्षा

नरयावली के 12 गांवों की 5,246 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बंडा सिंचाई परियोजना की समीक्षा बैठक कर परियोजना की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की। बैठक में परियोजना के शेष कार्यों, नहर एवं पाइपलाइन विस्तार तथा नरयावली विधानसभा क्षेत्र के चिह्नित गांवों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने के संबंध में चर्चा की गई।

अधिकारियों ने अवगत कराया कि परियोजना अंतिम चरण में है तथा नहरों एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य शीघ्र शुरू होने की संभावना है। विधायक श्री लारिया ने शेष कार्यों को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाने, विभागीय समन्वय बनाए रखने तथा निर्धारित गांवों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने की बात कही।



बंडा सिंचाई परियोजना से नरयावली विधानसभा क्षेत्र के सागर विकासखंड के 8 एवं राहतगढ़ विकासखंड के 4 गांवों की कुल 5,246.64 हेक्टेयर (लगभग 12,965 एकड़) कृषि भूमि सिंचित होगी।

सागर विकासखंड के ग्राम धारखेड़ी में 280.14, गोरा में 286.81, कर्रापुर में 251.85, सिमरिया में 429.17, सानोधा में 1,032.67, अमोदा में 208.29, तिंसुआ में 198.97 तथा पड़रिया में 843.07 हेक्टेयर भूमि सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होगी। इन आठ गांवों में कुल 3,530.97 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

इसी प्रकार राहतगढ़ विकासखंड के ग्राम जेरवारा में 543.11, खेजरा दुगाहा में 385.34, मेहर में 508.35 तथा सुनेटी में 278.87 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। इन चार गांवों का कुल सिंचित क्षेत्र 1,715.67 हेक्टेयर है।

उल्लेखनीय है कि विधायक इंजी. प्रदीप लारिया की पहल पर नरयावली विधानसभा क्षेत्र के उक्त गांवों को परियोजना में शामिल किया गया था। परियोजना से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा तथा किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद है।

बैठक में अनिरुद्ध आनंद, कार्यपालन अभियंता, पीआईयू बंडा परियोजना, एसडीओ, इंजीनियर्स एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग, पुरानी रंजिश व जमीन विवाद की आशंका, दो संदिग्ध हिरासत में

दिगौड़ा में सरेराह गोली मारकर 50 वर्षीय व्यक्ति की हत्या, कस्बे में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले के दिगौड़ा कस्बे में शुक्रवार सुबह सरेराह हुई गोलीबारी ने कानून-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। घर के पास दुकान पर खड़े 50 वर्षीय तुलसीदास अहिरवार को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल तुलसीदास को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद कस्बे में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दिगौड़ा पुलिस के साथ वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के नाम सामने आने की जानकारी के बीच दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

घर पर थे तुलसीदास, तभी बाइक से पहुंचे हमलावर

जानकारी के अनुसार, दिगौड़ा के अंबेडकर मोहल्ला निवासी तुलसीदास अहिरवार शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे अपने घर के पास दुकान पर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शी और मृतक के पुत्र विशाल अहिरवार के मुताबिक, हमलावरों ने पहुंचते ही उनके पिता पर गोली चला दी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बाइक से तेजी से भाग निकले। अचानक गोली चलने की आवाज से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों और दुकानों से बाहर निकलकर घटनास्थल की ओर दौड़े। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन और स्थानीय लोग गंभीर रूप से घायल तुलसीदास को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

नवरात्रि कन्याभोज तैयारियों के बीच वारदात

मृतक के परिजन जितेंद्र अहिरवार के अनुसार, मोहल्ले में नवदुर्गा विसर्जन के बाद शुक्रवार को पंडाल में कन्याभोज का आयोजन होना था। इसके लिए तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान तुलसीदास पंडाल के बगल में स्थित दुकान पर खड़े थे, तभी हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। धार्मिक आयोजन की तैयारियों के बीच हुई इस घटना ने मोहल्ले के लोगों को स्तब्ध कर दिया।

पुरानी रंजिश या जमीन विवाद, हत्या की वजह स्पष्ट नहीं

घटना के पीछे पुरानी रंजिश और जमीन विवाद की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि कई वर्ष पहले तुलसीदास अहिरवार का आरोपी पक्ष के एक परिजन के साथ बस स्टैंड पर मारपीट को लेकर विवाद हुआ था। वहीं, कुछ लोगों ने जमीन संबंधी विवाद को भी संभावित वजह बताया है। हालांकि, इन दोनों ही पहलुओं की पुलिस ने अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। वारदात के पीछे वास्तविक कारण क्या था, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। प्रारंभिक जानकारी में शिवाजी राजा, नारायणदास और अनिकेत के नाम सामने आए हैं। प्रत्यक्षदर्शी विशाल अहिरवार के अनुसार, बाइक से शिवाजी ठाकुर और अनिकेत लोधी मौके पर पहुंचे थे। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के मुताबिक, अनिकेत सैराई गांव और शिवाजी ठाकुर टपरियन का निवासी है। पुलिस सभी संबंधित तथ्यों की जांच कर रही है।

पेट और दोनों जांघों में लगी थीं गोलियां, इलाज के दौरान मौत

घायल तुलसीदास को जिला अस्पताल पहुंचाने के बाद चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया और उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया। उपलब्ध चिकित्सकीय जानकारी के अनुसार, उनके पेट के दाईं ओर गोली लगने तथा पीछे की ओर से निकलने के निशान मिले थे। दोनों जांघों में भी गोली लगने की बात सामने आई। गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

गोली चलाने के पीछे की वास्तविकता का पता लगाने जुटी पुलिस

गोलीबारी की सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद जतारा एसडीओपी सहित दूसरे थानों का पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जबकि फोरेंसिक टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। वारदात के बाद आरोपियों के फरार होने की दिशा सहित अन्य पहलुओं पर जांच की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मामले में तीन लोगों के नाम सामने आने की जानकारी है। पुलिस पुरानी रंजिश, जमीन विवाद और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। फिलहाल पुलिस के सामने गोली चलाने के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाने, घटनाक्रम की पुष्टि करने और सभी संबंधित व्यक्तियों की भूमिका स्पष्ट करने की चुनौती है।

शाला का निरीक्षण कर शिक्षकों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने बच्चों से पूछे पहाड़े और गणित के सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शासकीय माध्यमिक शाला चरपुवां का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ, विषयों पर पकड़ और सीखने की क्षमता को परखा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बच्चों से पहाड़े, गिनती और विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। साथ ही बोर्ड पर गणित के सवाल हल करवाकर उनकी समझ का आकलन किया और विद्यार्थियों से कविताएं भी सुनीं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने विद्यार्थियों के साथ सहजता से बातचीत करते हुए उनकी पढ़ाई और कक्षा में सहभागिता की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के उत्तरों के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया कि वे पढ़ाए जा रहे विषयों को किस तरह समझ रहे हैं। इसके बाद उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ से शिक्षण कार्य और उपलब्ध व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रोत्रिय ने शिक्षकों को विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाए रखने के लिए शिक्षक अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता पर विशेष ध्यान दें।

सीईओ ने स्कूलों व आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़ ने ग्राम पंचायत चरपुवां में आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों तथा मध्यान्ह भोजन व्यवस्था से जुड़े समूहों को साफ-सफाई बनाए रखने और भोजन तैयार करने में गैस सिलेंडर का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद सीईओ धाकड़ ने ग्राम पंचायत चरपुवां में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

युवाओं को कानून व नशामुक्ति का पाठ पढ़ाएगी पुलिस

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद योजना 2.0 का शुभारंभ, 150 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



युवाओं को कानून के प्रति जागरूक करने, सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल की सामुदायिक पुलिसिंग पहल के तहत जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद योजना 2.0 का शुभारंभ पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में किया गया। तीन दिवसीय कार्ययोजना के माध्यम से विद्यार्थियों को कानून, संविधान, मानवाधिकार, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराध और नशामुक्ति सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में करीब 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य, कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक, यातायात प्रभारी निरीक्षक कैलाश पटेल, मजना चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक वीणा विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक कृष्णकांत एवं प्रधान आरक्षक आशीष विश्वकर्मा उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से प्राध्यापक डॉ. कौलेश पाठक, प्रो. धनीराम अहिरवार सहित अन्य प्राध्यापक तथा हार्टफुलनेस संस्थान के नितिन कुमार बबेले और घनाराम प्रजापति भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान हार्टफुलनेस संस्थान के प्रतिनिधियों ने तनाव मुक्त मध्य प्रदेश अभियान की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को ध्यान का अभ्यास कराया। उन्हें तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को मानवाधिकार, भारतीय संविधान, संवैधानिक साक्षरता, विभिन्न कानूनी प्रावधानों, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा लैंगिक संवेदनशीलता के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा साइबर सुरक्षा और नशामुक्ति जैसे विषयों पर जागरूक करते हुए ऑनलाइन अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए।

विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, तनावपूर्ण परिस्थितियों में उचित सहायता लेने तथा आत्महत्या जैसी गंभीर परिस्थितियों से बचाव के लिए समय पर मदद मांगने के महत्व से भी अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने कानून का पालन करने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने और महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। इस पहल के माध्यम से पुलिस और युवाओं के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने के साथ विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने पर जोर दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कानूनी जागरूकता, आत्मविश्वास, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच विकसित करना है, ताकि वे समाज में शांति, सद्भाव और सुरक्षा बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

कब्रिस्तान तक पक्की सड़क, टीन शेड व बड़े चबूतरे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



नगर के कब्रिस्तान में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज के लोगों ने तीन सूत्रीय मांगें रखते हुए नगर पालिका प्रशासन से जल्द निराकरण कराने का अनुरोध किया। ज्ञापन में बताया गया कि पलेरा स्थित कब्रिस्तान तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बारिश के दिनों में रास्ता खराब होने के कारण जनाजे के साथ आने वाले लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। समाज के लोगों ने कब्रिस्तान तक पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। इसके अलावा कब्रिस्तान परिसर में टीन शेड लगवाने की मांग की गई, जिससे धूप और बारिश के दौरान वहां आने वाले लोगों को राहत मिल सके। वहीं, ताजियों को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए बड़े चबूतरे का निर्माण कराने तथा मौजूदा चबूतरे का चौड़ीकरण कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई है। मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया, ताकि कब्रिस्तान में आने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान रामकुमार यादव, सपा जिला अध्यक्ष (ओबीसी वर्ग), अजीज खान, ताहिर अली, संतोष राय, मुमताज खान, इम्तियाज खान, अकरम खान, नफीस खान, मोहसिन खान, राजा सहित मुस्लिम समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

24 हजार नवसाक्षर देंगे परीक्षा, 277 केंद्र तैयार



पलेरा। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार, 24 अक्टूबर को विकासखंड पलेरा के विद्यालयों में नवसाक्षर परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में विकासखंड के लगभग 24 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए पूरे विकासखंड में 277 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सभी केंद्रों पर परीक्षा सामग्री पहुंचा दी गई है। विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक पुष्पेन्द्र कुमार पाठक के अनुसार, सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सामग्री पहुंचाने का कार्य संकुल समन्वयकों द्वारा किया गया है। वहीं, परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने में अक्षर साथी सहयोग करेंगे, ताकि अधिक से अधिक नवसाक्षर परीक्षा में शामिल हो सकें। परीक्षा सामग्री के समय पर वितरण और उसे परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने में देवेन्द्र तिवारी, रहीश खान, जयराम, धरमजीत, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, कौशल श्रीधर, संजीव खरे, गिरीश, सत्यनारायण, करन सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलेगा रखरखाव कार्य, पहले दिन सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी बिजली

दीवाली से पहले बिजली लाइनों का मेंटेनेंस, 10 दिन अलग-अलग क्षेत्रों में कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



दीपावली पर्व पर शहरवासियों को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने विद्युत लाइनों और उपकेंद्रों के रखरखाव की तैयारी की है। इसके तहत 24 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक शहर के विभिन्न 11 केवी फीडरों और 33/11 केवी उपकेंद्रों पर चरणबद्ध तरीके से मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते निर्धारित तिथियों में संबंधित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक अभियंता (शहर) के अनुसार, मेंटेनेंस के दौरान विद्युत लाइनों की तकनीकी जांच, कमजोर और क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत, ढीले तारों व कनेक्शनों की जांच तथा जम्पर सहित अन्य उपकरणों का रखरखाव किया जाएगा। इसका उद्देश्य दीपावली के दौरान बिजली संबंधी तकनीकी समस्याओं और अचानक होने वाले व्यवधानों की आशंका को कम करना है।

24 अक्टूबर को बड़ागांव और बस स्टैंड फीडर पर काम

शनिवार को 11 केवी बड़ागांव एवं बस स्टैंड फीडर पर मेंटेनेंस किया जाएगा। इसके चलते कोतवाली, पुराना बस स्टैंड, सेल सागर चौराहा, मिश्रा तिराहा, इंद्रा कॉलोनी, गोल क्वार्टर, ईदगाह मार्केट, पुलिस लाइन, इंद्रपुरी, बड़ी देवी जी मंदिर क्षेत्र, कुन्दनपुरा, टावर लाइन और 132 केवी कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दिन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली बंद रहने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

25 से 29 अक्टूबर तक इन क्षेत्रों में प्रभावित रहेगी आपूर्ति

25 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट एवं वैशाली फीडर पर रखरखाव के कारण कलेक्ट्रेट परिसर, जज कॉलोनी, शिव नगर कॉलोनी, वैशाली नगर, चित्रांश नगर, महावीर कॉलोनी, जेएमके कॉलोनी, अस्पताल चौराहा, जिला अस्पताल, सुभाषपुरम, गणेशपुरम और सिविल लाइन क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। 26 अक्टूबर को ढोंगा फीडर के मेंटेनेंस के चलते बीएसएनएल ढोंगा, पॉलिटेक्निक कॉलेज, लोटा फैक्ट्री, प्रेरणा फूड, राजपूत पैलेस, बालक छात्रावास, सुन्नू दूध आश्रम, नेहा आटा मिल और ढोंगा रोड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। 27 अक्टूबर को कटरा फीडर एवं 33/11 केवी पुरानी टेहरी उपकेंद्र पर काम किया जाएगा। इससे कटरा बाजार, पुरानी तहसील, ताल दरवाजा, पपौरा चौराहा, भैरों बाबा मोहल्ला, हवेली रोड, स्टेट बैंक चौराहा, लक्ष्मी टॉकीज, पुरानी टेहरी मोहल्ला, बैंक कॉलोनी, जिला जेल, महेंद्र कूप कॉलोनी, महावीर गार्डन, अंबेडकर चौराहा, झिरकी बगिया और जिला चिकित्सालय सहित कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रह सकती है। 28 अक्टूबर को नूतन विहार फीडर के रखरखाव के दौरान नूतन विहार कॉलोनी, खुशीपुरा, सुन्दर पटेल के खेत तक और हरियाली वेयर हाउस क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। वहीं, 29 अक्टूबर को अस्पताल फीडर पर कार्य होने से होटल तेज, अस्पताल चौराहा, जिला अस्पताल, सुभाषपुरम और गणेशपुरम क्षेत्र की आपूर्ति प्रभावित होगी।

30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक भी चलेगा मेंटेनेंस

30 अक्टूबर को बरीघाट फीडर पर कार्य के चलते मछली पालन विभाग, सिंचाई विभाग, राजा विश्वजीत सिंह क्षेत्र, हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक एक एवं दो, पीजी कॉलेज, डिग्री कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, महाराजपुरा और नवोदय विद्यालय क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। 31 अक्टूबर को राजमहल फीडर के रखरखाव के कारण मंसूरी व्यायामशाला, रोरैया, राजमहल, पुरानी बर्फ फैक्ट्री, राजीव ट्रेडर्स, निमोरी बाला, केशव बाल स्कूल और विजय कड़ा के आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। 1 नवंबर को कलेक्ट्रेट डिवीजन फीडर एवं 33/11 केवी ढोंगा उपकेंद्र पर काम होगा। इसके चलते ढोंगा बड़ी मंडी, मंडी कॉलोनी, कुंवरपुरा, शिव शक्ति, विनोद कुंज, संगम गार्डन, रेलवे स्टेशन, नूतन विहार कॉलोनी, खुशीपुरा, हरियाली वेयर हाउस और राजमहल सहित संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रह सकती है। 2 नवंबर को मऊ चुंगी एवं इंडस्ट्रियल फीडर पर रखरखाव किया जाएगा। इससे सूखा सागर रोड, जैन कॉलोनी, रावतपुरा आईटीआई कॉलेज, होमगार्ड, मऊ चुंगी, ख्वाजा नगर कॉलोनी, अंबेडकर तिराहा और सूखा सागर के स्टोन क्रेशर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। इसी दिन पुरानी टेहरी से संबंधित 33 केवी मऊ बैकफीड पावर हाउस में भी मेंटेनेंस प्रस्तावित है।

उपभोक्ताओं से जरूरी व्यवस्थाएं पहले करने की अपील

विद्युत विभाग के अनुसार, 24 अक्टूबर को सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने का कार्यक्रम है। अन्य निर्धारित तिथियों में सुबह से मेंटेनेंस कार्य पूरा होने तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली बंद रह सकती है। कार्य की स्थिति के अनुसार शटडाउन की अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है। यदि काम निर्धारित समय से पहले पूरा हो जाता है तो बिजली आपूर्ति पहले भी बहाल की जा सकती है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली कटौती को ध्यान में रखते हुए पेयजल का पर्याप्त भंडारण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चार्जिंग तथा घरेलू और व्यावसायिक कार्यों की जरूरी व्यवस्थाएं पहले ही कर लें। विभाग का कहना है कि दीपावली से पहले किया जा रहा यह रखरखाव बिजली व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

आज होनी है नव भारत साक्षरता परीक्षा, स्कूलों में नहीं पहुंचे पेपर

अकादमिक व्यवस्थापकों के हड़ताल पर जाने से प्रौढ़ शिक्षा परीक्षा पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीते 3 महीनो से वेतन नहीं मिलने के कारण जिले के एपीसी, बीएसी और सीएसी हड़ताल पर चले गए हैं और वेतन नहीं मिलने तक काम पर नहीं लौटने की चेतावनी भी दे गए हैं। अब संकट यह आ गया है कि शनिवार को नव भारत साक्षरता अभियान के तहत निरक्षरो के पेपर (परीक्षा) होनी है और जिले में 49 हजार से अधिक निरक्षर इस परीक्षा में बैठेंगे जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग बीते एक महीने से युद्ध स्तर पर कर रहा था लेकिन इस हड़ताल से पेपर भोपाल से आ जाने के बाद उन स्कूलों तक नहीं पहुंचे हैं जहां पर यह परीक्षा आयोजित करानी है।

ऐसी स्थिति में पूरे प्रदेश में परीक्षा हो जाए और श्योपुर जिले में नहीं हो ऐसी स्थिति निर्मित होती दिखाई दे रही है। अगर ऐसा हुआ तो संकट बड़ा इसलिए हो जाएगा क्योंकि परीक्षा में नहीं बैठने पर परीक्षार्थियों को अनुपस्थित बताकर फेल कर दिया जाएगा। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षर भारत अभियान के सपने को श्योपुर जिले में झटका जरूर लगेगा।



हड़ताल के चलते शिक्षकों को लगाया काम पर

एपीसी, बीएसी और सीएसी के हड़ताल पर चले जाने से नवभारत साक्षरता अभियान के तहत शनिवार को आयोजित होने वाली परीक्षा गड़बड़ा गई है। इसे संभालने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन संकुल प्रिंसिपलों के माध्यम से सभी स्कूलों के हेड मास्टरों को परीक्षा सामग्री अपने यहां ले जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इस निर्देश के बाद कयास लगाए जा रहे हैं की परीक्षा सामग्री सभी स्कूलों में समय पर पहुंच जाएगी और परीक्षा भी समय पर आयोजित हो जाएगी अगर ऐसा नहीं हुआ तो जो परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित रह जाएंगे उन्हें मजबूरी में फेल करना पड़ेगा पर प्रशासन पूरी कोशिश कर रहा है कि परीक्षा समय पर हो जाए।

जिले के एपीसी, बीएसी एवं सीएसी द्वारा वेतन संबंधी समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम जो ज्ञापन सौपा गया है,उसमें उल्लेख किया गया है कि प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत सीएसी, बीएसी/आउट सोर्स कर्मचारियों का वेतन का भुगतान विगत 03 माह से लंबित है जिस कारण सभी कर्मचारी भारी वित्तीय समस्याओ का सामना कर रहे हैं, प्रति माह कर्मचारियों की बैंक लोन की ईएम आई कटती हैं जो कि समय पर ना कट पाने से सभी कर्मचारियों की सिविल खराब होकर डिफाल्टर हो गई हैं एवं घर खर्च भी उधारी से चलाने को मजबूर हैं। इसलिए सभी विकासखण्डों में कार्यरत सभी कर्मचारियों द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि जब तक कर्मचारियों का वेतन का भुगतान नहीं हो जाता है तब तक वर्तमान में संचालित सभी योजनाओं का पालन नहीं किया जावेगा। इस ज्ञापन और हड़ताल के बाद नवभारत साक्षरता अभियान के तहत शनिवार को आयोजित होने वाली परीक्षा पर संकट आ गया है क्योंकि संबंधित परीक्षा केंद्र (स्कूलों) में परीक्षा सामग्री नहीं पहुंच सकी है।

बार बार प्रभार बदलने से निर्मित हुई स्थिति

एपीसी बीएसी सीएसी का वेतन 3 माह से नहीं मिलने की स्थिति बार-बार डीपीसी के प्रभार बदलने की वजह से निर्मित हुई है। दरअसल भूपेंद्र शर्मा को प्रभारी डीपीसी बनाया गया था जिन्होंने जून माह में वेतन भी नई व्यवस्था के तहत सभी कर्मचारियों के खातों में डलवा भी दिया था लेकिन बाद में उनके स्थान पर बाहर से डीपीसी आ गए थे तो डीडीए पॉवर भूपेन्द्र शर्मा से छिन गए ऐसी स्थिति में भूपेंद्र शर्मा कोर्ट चले गए और कोर्ट ने उन्हें दोबारा से डीपीसी बनाने के निर्देश दे दिए। अब भूपेंद्र शर्मा डीपीसी तो बन गए लेकिन उन्हें डीडीए पावर प्रशासन ने नहीं दिए गए जिससे यह स्थिति निर्मित हुई अगर डीडीए पावर पूर्व में दे दिए जाते तो यह स्थिति निर्मित नहीं होती। कहीं ना कहीं इस मामले में जिला प्रशासन की भी लापरवाही रही है जिससे कर्मचारियों को 3 महीने से वेतन बिन वेतन के काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

इनका कहना है...

डीडीए पावर छिन जाने से कर्मचारियों के खातों में वेतन नहीं डल सका है। जिला पंचायत सीईओ ने ट्रेजरी में डीडीए पावर मुझे देने के लिए पत्र भिजवा दिया है एक-दो दिन में डीडीए पावर मिलते ही सभी कर्मचारियों के खातों में वेतन डाल दिया जाएगा। डीईओ के निर्देश पर सभी स्कूलों में पेपर सामग्री पहुंच गई है। नव भारत साक्षरता परीक्षा समय पर होगी।

भूपेंद्र शर्मा
डीपीसी श्योपुर

जरूरत के लिहाज से बढेगा चंबल नहर में पानी का प्रवाह

चंबल नहर में छोड़ा पानी, आज श्योपुर की सीमा को पार करके पहुंच जाएगा सबलगढ़ की सीमा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



चंबल दाहिनी मुख्य नहर में राजस्थान के कोटा बैराज से छोडा गया पानी शुक्रवार को शहर श्योपुर की सीमा में दाखिल होकर सबलगढ की ओर बढ गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को चंबल नहर का पानी श्योपुर डिवीजन की सीमा को पार करके सबलगढ डिवीजन की सीमा में प्रवेश कर जाएगा।

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी श्योपुर जिले के किसानों को नहर के पानी की जरूरत कम है, इसलिए चंबल नहर में पानी का प्रवाह कम बना हुआ है,लेकिन जरूरत पडने पर चंबल नहर में पानी का प्रवाह बढ जाएगा। यहां बता दें कि चंबल नहर में आने वाले पानी से श्योपुर सहित मुरैना और भिंड जिले के अंतर्गत 3 लाख 62 हजार 100 हैक्टेयर में सिंचाई होती है। जबकि श्योपुर जिले में चंबल नहर लगभग 65 हजार हेक्टयर भूमि सिंचित होती है, इस नहर का संचालन रबी सीजन में अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक होता है। गत 18 अक्टूबर को कोटा बैराज से चंबल नहर में पानी का प्रवाह छोड दिया गया। चंबल नहर में छोडे गए पानी ने गुरूवार की सुबह श्योपुर जिले की सीमा पार्वती एक्वाडक्ट पर दस्तक दे दी। इसके बाद चंबल नहर का पानी आगे बढते हुए शुक्रवार की दोपहर को शहर श्योपुर की सीमा को पार कर गया। विभागीय अधिकारियों की माने तो फिलहाल चंबल नहर में पानी की मात्रा 793 क्यूसेक बनी हुई है। लेकिन आगामी दिनों में चंबल नहर में पानी का प्रवाह जरूरत के लिहाज से बढा दिया जाएगा।

तकनीक से होगा पराली का प्रबंधन सभी किसान करें सहयोग:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



धान की फसल कटाई पश्चात पराली में आग न लगाये, क्योकि इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता एवं उत्पादकता में कमी होती है। जिले में धान का रकवा लगातार बढ रहा है, इसलिए पराली का उचित प्रबंधन तकनीक के जरिए किया जाना जरूरी है। जिसमें सभी किसान सहयोगी बनते हुए उपयोगी कृषि यंत्रो जैसे बेलर, रीपर कम बाइंडर, स्ट्रारीपर, सुपर सीडर एवं जीरो टिलेज, सीड ड्रिल के उपयोग से पराली का प्रबंधन कर सकते है। आगामी दिनों में जिले में सीबीजी प्लांट की स्थापना के लिए भी किसानों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पराली प्रबंधन को लेकर किसानों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में एसपी मोती उर रहमान, सीईओ जिपं कार्तिकेय जायसवाल, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर मेघा तिवारी, एसडीओपी आंनद कुमार राय, उप संचालक कृषि आरके सिंह, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र चैधरी, सहायक कृषि यंत्री नवीन कुमार सहित प्रगतिशील किसान, स्थानीय बेलर संचालक आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में किसानों के पास 443 कृषि यंत्र उपलब्ध हैं, जिनमें बेलर, सुपर सीडर, स्ट्रा रीपर जैसे उपकरण शामिल है, 64 कस्टम हायर सेंटर भी संचालित है, जिनके पास उपलब्ध उपकरणों के माध्यम से पराली का प्रबंधन किया जाए, इसके साथ ही सीबीजी प्लांट से जुड़े बाहर के बेलर संचालकों को पराली की कटाई के लिए आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि अनुदान पर स्ट्रारीपर की उपलब्धता के लिए उनके माध्यम से कृषि अभियांत्रिकी विभाग को पत्र भेजा जाए, जिले में पराली का उपयोग कर पेलेट्स बनाने वाली 6 इकाइयों के संचालकों के साथ बैठक कर सहयोग लिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने जागरूकता अभियान को और अधिक गति देने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन के साथ ही पराली प्रबंधन में उपयोगी कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जाए।

पराली जलाने वाले किसानों पर होगी जुर्माने की कार्रवाई

बैठक के दौरान उप संचालक कृषि आरके सिंह ने बताया कि जिले में 97979 हेक्टेयर धान का रकबा है, इसे दृष्टिगत रखते हुए पराली को जलने से रोकने के लिए कारगर रणनीति तैयार की गई है। बाहर के बेलर संचालको से चर्चा की गई है तथा 25 अक्टूबर तक 10 बेलर जिले में उपलब्ध हो जायेंगे, जिनके द्वारा निशुल्क रूप से पराली की कटाई की जायेगी। इसके साथ ही ओर भी बेलर संचालको से संपर्क कर चर्चा की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं को प्रतिबंधित कर जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि पराली न जलायें, पराली जलाने वाले किसानों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्जकर जुर्माने की कार्यवाही की जा सकती है। दो एकड़ से कम जमीन पर 2500 रूपये, 2 से 5 एकड़ जमीन पर 5000 रूपये एवं 5 एकड़ से अधिक जमीन पर 15000 रूपये का जुर्माना किया जा सकता है।

एसडीएम उतरे सड़कों पर,लापरवाह दुकानदारों के नपा ने बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अतिक्रमण के कारण बाधित हो रहे यातायात को सुचारु करने के उद्देश्य से कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर शुक्रवार को जिला प्रशासन और नगर पालिका ने पुलिस का सहयोग लेकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो दर्जन लापरवाह दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की और सड़कों पर रखें सामानों को जप्त भी किया गया।

एसडीएम गगन मीणा के नेतृत्व में नगर पालिका अमले ने पटेल चौक से कार्रवाई करते हुए वहां खड़े ठेलों को हटाकर उन पर जुर्माना किया बाद में अमला पाली रोड होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचा यहां दुकानदारों द्वारा आधी सड़कों पर रखें सामान के कारण बुरी तरह जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी एसडीएम ने सामान को जप्त करने के साथ-साथ दुकानदारों पर 1000 और 500 के चालान नगर पालिका के माध्यम से करवाए साथ ही चेतावनी दी कि जो दुकानदार चालानी कार्रवाई के बाद नहीं सुधरेंगे उनके खिलाफ सिविल जेल की कार्रवाई भी की जाएगी एएसडीएम में बताया कि अभियान रोज चलाया जाएगा ताकि त्यौहार के समय बाजार में होने वाली भीड़ भाड़ से जाम जैसी स्थिति से लोगों को दो-चार न होना पड़े। इस कार्रवाई के दौरान सीएमओ नरेंद्र सिंह जाटव तथा यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत अपने अपने अमले के साथ मौजूद रहे।



टेट परीक्षा रोकने के लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

टेट परीक्षा में डिफेक्ट को हटाने एवं न्यायालीन प्रकृया प्रचलित होने से परीक्षा रोके जाने हेतू शिक्षकों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण संगठन, मध्यप्रदेश के बैनर तले सौपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित उक्त प्रकरण के अंतिम निर्णय/स्पष्ट दिशा-निर्देश तक टेट-2026 परीक्षा को स्थगित रखने हेतु आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही की जाए। ज्ञापन में सात सूत्रीय मांगे शामिल थीं जिनमें दिनांक 29.07.2026 को प्रस्तुत मिसलेनियस एप्लीकेशन की बर्तमान स्थिति एवं डिफेक्ट स्थिति का तत्काल परीक्षण कराया जाए।यदि कोई डिफेक्ट/आपत्ति लंबित है, तो उसे बिना विलंब दूर कर उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री में प्रस्तुत कराया जाए। आवश्यक दस्तावेज अथवा अन्य प्रक्रियात्मक अनुपालन लंबित होने पर उसे तत्काल पूर्ण कराया जाए। प्रकरण को शीघ्र सुनवाई हेतु प्रभावी रूप से प्रस्तुत/सूचीबद्ध कराने के लिए आवश्यक विधिक एवं प्रशासनिक समन्वय किया जाए। उच्चतम न्यायालय के अंतिम निर्णय/स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त होने तक टेट-2026 परीक्षा को स्थगित रखा जाए। वर्ष 2005 से 2011 के मध्य नियुक्त होकर पूर्व में टेट उत्तीर्ण कर चुके सेवारत शिक्षकों की विशिष्ट स्थिति को आगामी प्रशासनिक एवं परीक्षा संबंधी कार्यवाही में पृथक रूप से ध्यान में रखा जाए।

मंडी में ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े करने को लेकर आपस में उलझे किसान,घंटेभर बंद रही खरीदी



श्योपुर। जैदा स्थित कृषि उपज मंडी श्योपुर में शुक्रवार को धान की उपज लेकर आए कुछ किसानों के बीच ट्रैक्टर ट्रॉली खडी करने की बात को लेकर विवाद हो गया। जिसकारण मंडी में खरीदी कार्य करीब घंटेभर तक बंद बना रहा। मंडी में फसल की खरीदी करने के लिए पहुंचे व्यापारियों ने किसानों के विवाद के कारण रोका फसल खरीदी का कार्य विवाद शांत होने के बाद ही शुरू किया। बता दें कि इन दिनों कृषि उपज मंडी में धान की फसल बेचने के लिए बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियां लेकर पहुंच रहे है। शुक्रवार की दोपहर को मंडी प्रांगण में ट्रैक्टर ट्रॉली खडी करने की बात को लेकर कुछ किसान आपस में उलझ गए। किसानों के बीच वापस में हुआ यह विवाद करीब घंटेभर तक चला। जिसकारण मंडी में खरीदी कार्य घंटेभर तक ही रूका रहा। मंडी प्रशासन का कहना है कि किसानों के बीच हुई कहासुनी समझाइस देकर शांत कराई गई और इसके बाद खरीदी कार्य शुरू करवा दिया गया।

अतिक्रमण हटाने के मामले में दो पर एफआईआर, किसानों ने घेरी तहसील

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मूंडला के नाले का अतिक्रमण हटाने पुलिस के साथ पहुंची राजस्व टीम और किसानों के बीच हुई गाली गलौज और हंगामे के मामले में बड़ौदा थाना पुलिस ने दो किसानों पर शासकीय कार्य में व्यवधान सहित अन्य कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। इसके विरोध में शुक्रवार को क्षेत्र के किसानों ने बडौदा स्थित तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और बड़ौदा थाने में दर्ज किए मामले को झूठा बताते हुए उसे निरस्त किए जाने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

भाजपा नेता रामलखन नापाखेडली की अगुवाई में क्षेत्र के किसानों ने बडौदा तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए कहा कि बडौदा थाने में जो मामला दर्ज किया गया है,वह सरासर गलत है। प्रशासन ने इस गलत एफआईआर को दूसरे गांव के कोटवार की रिपोर्ट पर दर्ज करवाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि नाले को सकरा करके प्रशासन की रास्ता बनाने की प्रशासन की ओर से जो योजना बनाई जा रही है,वह योजना मूंडला गांव में बाढ ला सकती है। यहा बता दें कि इस मामले मे बडौदा थाना पुलिस ने रामभरत पुत्र चतुर्भज नायक निवासी धर्मपुरा कोटवार की रिपोर्ट पर दीनबंधु मीणा पुत्र शंभूदयाल मीणा, विजय सिंह मीणा पुत्र शंभूदयाल मीणा निवासी पांडोली के खिलाफ गाली गलौच और शासकीय कार्य में व्यवधान डालने की धाराओ में मामला दर्ज किया गया है।

सलापुरा में चोरी की वारदात, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, चोर बेसुराग

दिनदहाड़े ढोढर सोसाइटी प्रबंधक के घर का ताला तोड़कर लाखों का माल समेट ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चोरों पर पुलिस लगाम क्यों कस नहीं पा रही है, इसका कारण तो पुलिस के आला अधिकारी ही पता कर सकते है। लेकिन लगाम नहीं कस पाने का चोर पूरा फायदा उठाकर आए दिन चोरी की वारदातो को अंजाम देकर रफूचक्कर हो रहे है। शहर समेत जिलेभर में इन दिनों होने वाली चोरी की वारदाते इसके उदाहरण है। चोरी का ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सलापुरा इलाके में सामने आया है,जहां दशहरे के दिन चोर दिनदहाडे ढोढर सोसायटी प्रबंधक महेशचंद्र बैष्णव के घर का ताला तोडकर घर के अंदर से 65 हजार रूपए नकदी और सोने चांदी के जेवर समेत लाखो का पार समेट ले गए है। हालांकि कोतवाली थाना पुलिस ने इसमामले में चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

लेकिन अभी तक न तो चोर पकडे जा सके है और न ही उनका कोई सुराग मिल सका है। इसके पहले शहरी क्षेत्र में हुई कई चोरी की वारदातो का भी खुलासा नहीं हो पाया है। जिसके चलते पुलिसिंग पर कई तरह के सवाल खडे हो रहे है।

जानकारी के मुताबिक ढोढर सोसायटी प्रबंधक महेशचंद्र बैष्णव पुत्र रघुवीर प्रसाद वैष्णव यहां सलापुरा में राज होटल के पीछे निवास करते है। 20 अक्टूबर को दशहरे के दिन महेशचंद्र बैष्णव परिवार के लोगो के साथ दशहरे की पूजा करने के लिए सुबह करीब 10 बजे अपने गांव दांतरदा चले गए। इसके बाद वे शाम करीब साढे चार बजे दांतरदा से लौटकर वापस अपने सलापुरा स्थित मकान पर पहुंच गए। इस दौरान 20 अक्टूबर को दिन के समय उनका मकान करीब छह घंटे सूना रहा। इसी का फायदा उठाकर चोरो ने सोसायटी प्रबंधक के घर को अपना निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। बताया जा रहा है कि चोर मैन गेट का ताला तोडकर घर के अंदर दाखिल हुए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोडकर उसके अंदर रखे 65 हजार रूपए नकदी तथा सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। चोरी में गए सोने के जेवरो में जहां एक नए पैटर्न का मंगलसूत्र, एक पुराना टूटा मंगलसूत्र, कान की झूमकी लड वाली शामिल है। वहीं चांदी के जेवरो में दो जोडी पायजेब, पायल, करधनी तथा चांदी की चोटी शामिल है। चोरी गए माल की कीमत परिजन करीब 10 से 12 लाख रूपए बता रहे है।



पुरानी चोरियों को लेकर भी पुलिस के हाथ खाली

सलापुरा में दिनदहाडे घटित हुई चोरी की वारदात से पहले शहरी क्षेत्र में चोरी की कई वारदाते घटित हो चुकी है। लेकिन ज्यादातर चोरी की वारदातो में पुलिस के हाथ खाली ही बने हुए है। बता दें कि पुलिस लाइन में हुई चोरी की वारदात सहित यातायात थाने के दीवान जी के घर में हुई चोरी, नजदीकी गांव रायपुरा में तीन घरो में हुई चोरी की वारदात, कूंडहवेली तथा चंद्रपुरा गांव में हुई चोरी तथा मंदिरों में हो रही चोरी की वारदाते फिलहाल अनसुलझी ही पडी हुई है। चोरियों का खुलासा न होने से जहां चोरो के हौसले बुलंद हो रहे है। वहीं पुलिस को भी बदनामी झेलनी पड रही है। लेकिन इसके बाद भी पुलिस के आला अधिकारी चोरियों के मामले को क्या कर रहे है,यह बात समझ से परे बनी हुई है।

बदनामी के डर से चोरी के मामलो को छिपा रही पुलिस

खास बात यह है कि पुलिस चोरी के मामलो को खुलासा करने में असफल साबित हो रही है। जिसका फायदा चोर उठा रहे है,वहीं पुलिस को बदनामी झेलनी पड रही है। इसके बाद भी पुलिस चोरी के मामलो का खुलासा करने के बजाए चोरी के मामलो को छिपाकर अपनी बदनामी से बचने का प्रयास कर रही है। यही वजह है कि पुलिस इन दिनों थाना क्षेत्र में होने वाली कई चोरी की घटनाओ की जानकारी पुलिस कंट्रोलरूम से हर दिन जारी होने वाली डीएसआर में नहीं दी जा रही है। इस मामले में लोगो का कहना है कि चोरी के मामलो को न बताकर पुलिस भलेही अपनी बदनामी रोकने का प्रयास कर रही हो, लेकिन चोरी की घटनाओ का खुलासा न होने से चोरो के हौसले बुलंद हो रहे है।

इनका कहना..

चोरी की वारदाते न हो,इसके लिए पुलिस गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। इसके साथही चोरी के जो भी मामले अनसुलझे बने हुए है,उनके संबंध में संबंधित थाना प्रभारियो से जानकारी लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विजय सिंह तोमर
डीएसपी हेडक्वार्टर, श्योपुर

कलेक्टर को निरीक्षण में मिली खामी, पीडीएस दुकान की जांच के दिए निर्देश



श्योपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविरों के आयोजन के क्रम में शुक्रवार को कराहल विकासखंड के खिरखिरी गांव में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मौके पर ही दिया गया। इससे पहले कलेक्टर शीला दाहिमा ने गांव में संचालित स्कूल आंगनबाड़ी और पीडीएस दुकानो का निरीक्षण किया जिसमें पीडीएस दुकान में अभिलेख ठीक से संधारण नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से संबंधित पीडीएस दुकान का स्टॉक पीओएस मशीन से मिलान कर जांच करने के निर्देश दिए। खिरखिरी गांव में आयोजित शिविर में शामिल होने पहुंची कलेक्टर शीला दाहिमा ने पहले गांव में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कामों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए वहीं स्कूल आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी में जहां कलेक्टर में तीन से 6 वर्ष तक के बच्चों की स्थिति जानते हुए कार्यकर्त्ता से सेम एवं मेम कैटेगरी में आने वाले बच्चों की जानकारी ली। टीएचआर वितरण संबंधित जानकारी लेते हुए स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। और मौके पर मौजूद माताओ को समझाइश दी कि पान पुड़िया जैसी नशेली चीजों का बहिष्कार करें इससे आपके और आपके बच्चों के स्वास्थ्य पर तो विपरीत प्रभाव पड़ ही रहा है साथ ही आपकी आजीविका का बड़ा हिस्सा इसे खरीदने में खर्च हो रहा है। स्कूल में पहुंची कलेक्टर ने छात्रों से गिनती पहाड़े जोड़ बाकी करवाए और किताब पड़वाकर देखा। उन्होंने शिक्षकों को पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए इस दौरान पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत चलने वाले भोजन व्यवस्था की जानकारी ली और मीनू अनुसार भोजन बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष गुड्डी बाई, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई, जिप सीईओ कार्तिकेय सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में पहुंची कलेक्टर ने आधा सैकड़ा से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न सरकारी योजना का लाभ मौके पर ही दिया। जिनमें, संबल योजना के तहत 11 हितग्राहियों दो दो लाख रुपए कि आर्थिक सहायता के चेक अनुग्रह राशि दिए गए। 6 बालिकाओं को लाडली लक्ष्मी कि सौगात महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रदान की। कक्षा 12 में प्रथम आने वाले दो विधार्थियो को निःशुल्क स्कूटी प्रदान की गई, जबकि 7 को लेपटॉप की राशि उनके खातों में डाली गई। 7 किसानों को निःशुल्क बीज किट उपलब्ध कराए गए जबकि 10 ग्रामीणों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया।

खबर संक्षेप



चंदेरी के क्राफ्ट विलेज प्राणपुर का भ्रमण किया

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में क्राफ्ट विलेज प्राणपुर में निर्मित परिसम्पत्तियों के रखरखाव हेतु गठित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान में सम्पत्ती की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त कर क्राफ्ट विलेज प्राणपुर में निर्मित सम्पत्तियों का निरीक्षण, अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार दिलीप दरोगा एवं संबंधित अधिकारी साथ थे।

अभा श्रमण संस्कृति महासमिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

अशोकनगर। अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महासमिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदा सोनी मध्यांचल की अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य ममता भारत, बीना से आई सुनीता सराफ द्वारा निर्मला घाट बमुरिया, संरक्षक रानी पिरोठ, डिम्पल जैन मंत्री, उपाध्यक्ष संगीता पारस, कोषाध्यक्ष अर्चना पांडे, उप मंत्री डिंपल मुंशी एवं सभी सदस्यों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया गया।

तार की फेंसिंग में करंट छोड़ने से दो भैंसों की मौत

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी छोटू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इन्द्रजीत यादव ने तार फेंसिग कर धान की फसल को लेकर तारफेसिंग में करंट छोड़ दिया था जिसके कारण फरियादी की दो भैंसो की करंट लगने से मौत हो गई। जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

जहर खाने से युवक की मौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम कोलुआ निवासी राजाराम पुत्र रामप्रसाद आदिवासी उम्र 33 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

अव्यवस्थित खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई

आरोन। एसडीएम आरोन मंजुषा खत्री के निर्देशन में तहसीलदार आरोन एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अमित जैन द्वारा कृषि उपज मंडी आरोन में पुलिस बल एवं मंडी कर्मचारियों के साथ नीलामी के लिए खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में रास्ता रोककर आड़े-तिरछे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉलियों तथा अनाधिकृत रूप से खड़े कार, बोलेरो सहित अन्य वाहनों पर कार्रवाई की गई। ऐसे वाहनों को व्यवस्थित कराया गया तथा अनाधिकृत रूप से खड़े कार, बोलेरो आदि वाहनों को मंडी परिसर से बाहर निकलवाया गया।

अशोकनगर स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अधिकारियों से बंद ट्रेनें शुरू करने, नई ट्रेनें चलाई जाने और सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां रेल यात्रियों ने भोपाल रेल मंडल से आए सीनियर डीएमई आरपी खरे को रेल सुविधाओं की कमी के साथ-साथ प्लेटफार्म पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने व घटिया निर्माण होने के संबंध में भी अवगत कराया। इस मौके पर स्टेशन मैनेजर के एल मीणा भी उपस्थित थे। इस मौके पर महिला और पुरुष रेल यात्रियों के साथ-साथ शहर के जनप्रतिनिधियों ने भी उनसे चर्चा की और कहा कि यह संवाद संवाद न रहे इस संवाद के माध्यम से जो सुझाव लिए गए हैं उन सुझावों पर कार्य हो। क्योंकि अशोकनगर जिला जिले भर का महत्वपूर्ण स्टेशन है यह व्यापारिक महानगर है साथ में अशोकनगर जिला इतिहास और पर्यटन की दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। तथा धार्मिक स्थल अशोकनगर के परिदृश्य को बड़े पैमाने पर रेखांकित करते हैं। इन स्थानों पर दर्शनों के लिए प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, उन सब श्रद्धालुओं को और नियमित जिले भर से व्यापार और अन्य सामग्री का क्रय विक्रय करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस कारण अशोकनगर स्टेशन का महत्व बहुत बड़ा है और यहां रेल यातायात का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि यहां की जनता और नागरिक यात्री ट्रेनों से यात्रा करना पसंद करते हैं लेकिन यात्रा करने के लिए ट्रेनों की कमी उन्हें समस्याएं पैदा कर रही है और बार-बार मांग करती आ रही है कि अशोकनगर जिले के साथ-साथ मध्यप्रदेश के महानगरों के लिए और देश के महानगरों के लिए भी यात्री ट्रेनों की सुविधा यहां उपलब्ध कराई जाए।





सुझावों में कई ट्रेनों की मांग की गई

यात्री ट्रेनों की मांग में उन्हें बताया गया कि उज्जैन देहरादून एवं जबलपुर इंदौर तथा कोटा जबलपुर ट्रेनों को रेल विभाग द्वारा बिना किसी कारण के बंद कर दिया गया है। उज्जैन देहरादून ट्रेन को पूर्व रेल मंत्री माधवराव सिंधिया द्वारा ग्वालियर को उज्जैन से जोड़ने के लिए चलाया गया था, बाद में इस ट्रेन को दिल्ली तक बढ़ाने के बाद देहरादून तक विस्तार किया गया। यह ट्रेन उज्जैन से गुना अशोकनगर बीना के रास्ते झांसी ग्वालियर होते हुए दिल्ली जा रही थी, लेकिन बीच में रेल विभाग में बिना किसी मांग के बाद इस ट्रेन को गुना से गुना से बिना के रास्ते न चलते हुए इसे शिवपुरी ग्वालियर के रास्ते चलाया जा रहा है। जबकि उक्त रेल खंड पर पहले से ही इंदौर देहरादून ट्रेन है इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन करने की वजह यह बताई जा रही है कि अशोकनगर जिले की उपेक्षा कर शिवपुरी जिले की जनता को लाभ पहुंचाया जा रहा है।



कोटा जबलपुर ट्रेन को पूर्व की तरह चलाया जाए

इसी प्रकार कोरोना कल में कोटा जबलपुर ट्रेन को बंद कर दिया गया था। इस ट्रेन को रेल अधिकारी चलाना चाहते हैं लेकिन आज तक ट्रेन को नहीं चलाया गया है। जब ट्रेन कोरोना कल में चल रही थी से पहले चल रही थी तब ट्रेन को अभी बंद क्यों किया गया। इसके अलावा ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार कर इस ट्रेन को दिल्ली तक बढ़ाई जाने की मांग की गई तथा नियमित ट्रेन के रूप में चलाई जाने की मांग की गई है। क्योंकि यह ट्रेन ग्वालियर तक तो जाती ही है इसे सिर्फ दिल्ली तक बढ़ाया जाना है। इसी प्रकार कोटा हिसार ट्रेन को बिना तक बनाए जाने की मांग भी की गई इसके अलावा अन्य ट्रेनों की मांग भी उनके समक्ष रखी गई।

अशोकनगर स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 4 का निर्माण हो

इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर चार का निर्माण करना वहां पर रेल सुविधाएं बढ़ाने की दृष्टि से टिकट विंडो का इस्तेमाल किया जाना बीटीएम मशीन लगाई जाए। तथा अशोकनगर स्टेशन पर मवेशियों का प्लेटफार्म पर खुलेआम आ जाना इन सब पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। जो प्लेटफार्म पर कुछ नई स्टील की बेंच आई थी वह कुर्सियां घटिया क्वालिटी की होने के कारण टूट गई है उनके स्थान पर नई कुर्सियां लगाई जाएं तथा बिजली जाने के दौरान कोच डिस्प्ले बंद हो जाता है इस मेल लाइन से जोड़ा जाए इस तरह की कई मांगों से लिया कुछ कराया गया।

इंदौर-जबलपुर ट्रेन को महिलाओं की मांग पर चलाया था इसके बाद भी बंद कर दिया

इसके अलावा इंदौर जबलपुर ट्रेन जिसे स्वयं वर्तमान केंद्रीय मंत्री ज्योति सिंधिया द्वारा यहां की महिलाओं की मांग पर चलवाया गया था इसके बावजूद भी इस ट्रेन को रेल विभाग ने बंद कर दिया है। नारी शक्ति की बात करने वाले जनप्रतिनिधि नारियों की मांग को भूल गए हैं। जिस दिन से यह ट्रेन चली है उसे दिन से जनता लगातार यह मांग कर रही थी कि जनता की मांग के अनुसार इस ट्रेन का समय परिवर्तन कर चलाया जाए किंतु ऐसा नहीं किया गया यह ट्रेन दिन में चलती थी और आधी रात में इंदौर पहुंचती थी जिससे यात्रियों ने ट्रेन से दूरी बना ली थी। यात्रियों की मांग थी कि इस ट्रेन को शाम 6 बजे जबलपुर से और शाम 6 बजे इंदौर से चलाया जाए लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जिसके कारण रेलवे ने इस ट्रेन को बंद कर दिया। जनता ने इंदौर की सुविधा छीन लिए जाने के कारण आज जब रेल यात्री संवाद का कार्यक्रम हुआ तब अधिकांश यात्रियों ने सिर्फ एक ही मांग की की इंदौर के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध कराई जाए। एक सुझाव यह भी दिया गया कि महू अंबेडकर नगर से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन का मार्ग परिवर्तन कर उसे अशोकनगर गुना बीना के रास्ते चलाया जाए।

अशोकनगर स्टेशन पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

अशोकनगर स्टेशन पर रेल सुविधा उपलब्ध कराए जाने के मामले में उन्हें बताया गया कि यहां होने वाले निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं पूर्व में निर्माण कार्य 12 करोड रुपए के हुए थे उनका आज तक पता नहीं है कि वह पैसे कहां खर्च हुए। इसके अलावा मांग की गई की अशोकनगर स्टेशन के प्लेटफार्म सभी पर महिला सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अशोकनगर स्टेशन पर जो नया प्लेटफार्म पुल बन रहा ह, इस पर एक्सीलेटर सीडी लगाई जाए जो लिफ्ट लगाई गई हैं। वह लिफ्ट बंद पड़ी रहती है वह लिफ्ट को पूरे दिन चालू करके रखा जाए अशोकनगर स्टेशन पर पूरे जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का विवरण की जानकारी लगाई जाए ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इनका कहना है...

भारत सरकार के रेल मंत्रालय की पहल पर रेल यूजर्स के लिए यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है ताकि उनकी समस्याओं, विकास कार्यों, आदि की जानकारी के आधार पर उनकों सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। 22 अक्टूबर को पूरे देश भर में यात्रियों से फीडबैक लिया गया है। इसे तीन भागों में बांट कर उनकी समस्याओं का बेहतर रूप से निराकरण किया जाएगा। यहां से दिल्ली, इन्दौर ट्रेनों की मांग के साथ साथ, उज्जैनी एक्सप्रेस, कोटा जबलपुर आदि ट्रेनों की मांग की गई। स्टेशन पर सुविधाओं को लेकर भी सुझाव मिले हैं।

सीनियर डीएमई. आरपी खरे, भोपाल रेल मंडल

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोकनगर निवासी राहुल पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूजा, रूपेश और श्रीराम शर्मा ने उससे मारपीट की। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरियाखेडी निवासी जयपाल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बृजेश और संजू आदिवासी ने उससे मारपीट की। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगुल्या निवासी रामकृष्ण रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भानु और किरण कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फरदाई निवासी विजय रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वीरेन्द्र रघुवंशी ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहाबाद निवासी परमाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि संजूराजा, अंकुर दुबे, अमन खान, आसु खान उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नानौन निवासी कलियाबाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोलू और शांतिबाई बंजारा ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी प्रकाश बरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामचरण, रामसेवक और कमला बाई बरार ने उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रामसेवक बरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रकाश अभिषेक, मीराबाई बरार और दीपक बरार ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीटोर निवासी चंदा गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अरबिंद और बिंन्ना गुर्जर ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी सतपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजपाल, वीकेश,जयपाल और नीलेश यादव ने उससे मारपीट की। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीसोर निवासी मनोज बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि श्याम, आकाश कलेक्टर और नन्हे सपेरा ने उससे मारपीट की। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंगासरा निवासी अभिषेक रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोनू और गीता बाई साहू ने उसकी दीवाल तोड़ दी व उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र अंतर्गत गुल्हेरू बामोरी निवासी सुरनायक यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जयसिंह, दिनेश और रमेश लोधी ने उससे मारपीट की।

कार्बाइड गन व कार्बाइड लैम्प के दुष्प्रभावों के संबंध में एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आमजन की सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प के दुष्प्रभावों के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प का उपयोग गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। इनके कारण तेज धमाके से जान-माल की हानि, आग लगने, गंभीर रूप से जलने तथा शरीर के विभिन्न अंगों में स्थायी चोट पहुंचने का खतरा रहता है। तेज आवाज से सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है तथा इनके धुएं एवं गैसों से श्वसन संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। इनका उपयोग आमजन, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

अशोकनगर पुलिस द्वारा सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों से अपील की जाती है कि वह कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प की बिक्री, भंडारण एवं वितरण से दूर रहें तथा किसी भी ऐसी गतिविधि में संलिप्त न हों, जो कानून का उल्लंघन करती हो। कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प का उपयोग मनोरंजन अथवा अन्य किसी उद्देश्य से न करें। अभिभावक भी बच्चों को इनके खतरों के प्रति जागरूक करें और इन्हें उपयोग करने से रोकें।

कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प का अवैध निर्माण, बिक्री, भंडारण, उपयोग अथवा परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं व्यवसायियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अशोकनगर पुलिस द्वारा ऐसी गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। आमजन से अपील है कि इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने आमजन एवं व्यापारियों से अपील की है कि जनसुरक्षा को प्राथमिकता दें, कानून का पालन करें तथा किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल न हों, जिससे दुर्घटना अथवा जनहानि की आशंका उत्पन्न हो। सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

चंदेरी डव्लपमेंट सोसायटी फॉर हैंडलूम वीवर्स समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में हैण्डलूम पार्क चंदेरी में गुरूवार को चंदेरी डव्लपमेंट सोसायटी फॉर हैण्डलूम वीवर्स समिति (एसपीव्ही) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीए की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने फैशन शो के संबंध में निर्देशित किया गया कि फैशन-शो के आयोजन में स्थानीय स्तर की महिलाओ को सम्मिलित करते हुये फैशन शो का आयोजन कराया जाए। हैण्डलूम पार्क में बनने वाले हाथकरघा म्यूजियम के संबंध में निर्देशित किया गया कि एनआईसी जिला अशोकनगर के सहयोग से



ई-टेण्डर की कार्यवाही कर म्यूजियम निर्माण कराया जाए। हैण्डलूम पार्क के प्रचार प्रसार के संबंध में निर्देशित किया गया कि शहर के मुख्य मार्गो पर होडिंग एवं साईन बोर्ड लगाये जाए। हैण्डलूम पार्क की एक वेवसाईट बनाई जाये। वेवसाईट बनाने हेतु एनआईसी जिला अशोकनगर के अधिकारियो को निर्देशित किया गया। वेवसाईट के माध्यम से हैण्डलूम पार्क में बनने वाली साडियो को डिसप्ले किया जाये एवं वेवसाईट के माध्यम से ही सेलिंग आर्डर प्राप्त किये जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि चन्देरी के समस्त बुनकरो को जी.आई टैग के अधिकृत उपयोगकर्ता के रूप में पंजीयन कराया जाए। साथ ही क्यूआर कोड की प्रकिया के माध्यम से प्रत्येक साडी निर्माणकर्ता हेतु क्यू आर कोड जारी करने हेतु एनआईसी अशोकनगर को निर्देशित किया गया। जिससे कि चन्देरी साडी के प्रमाणिकता सिद्ध करने में आसानी होगी। हैण्डलूम पार्क में पृथक सेलिंग विंग बनाई जाए, जो कि हैण्डलूम पार्क के बुनकरों को मार्केटिंग में सहायता प्रदान करे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी मनीष धनगर,सहायक संचालक हाथकरघा कीर्ति कटियार, तहसीलदार चंदेरी,चन्देरी बुनकर/मास्टर बुनकर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

जुआ खेलते 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 7,500 रुपए नकद व ताश के पत्ते जब्त किए



अशोकनगर। थाना मुंगावली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7,500 नगद एवं 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी जप्त की गई है एवं जुआ संचालित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध संगठित अपराध की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुंगावली क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी मुंगावली उनि. अरविन्द सिंह कछुवाह द्वारा पुलिस टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम ने ग्राम नानौटी में हनुमान जी मंदिर के पास नाले के समीप दबिश देकर जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष पुत्र शेरशाह कुर्मी, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड वीर सावरकर, बीना, जिला सागरय दिलीप पुत्र रामचरण खटीक, उम्र 48 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 01, थाना कुरवाई, जिला विदिशा, झुंडा पुत्र डमरू अहिरवार, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम रुसल्ली घाट, थाना दीपनाखेड़ा, जिला विदिशा तथा गोलू पुत्र रामबिहारी दांगी,उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम इकौदिया, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक 52 पत्तों की ताश की गड्डी एवं कुल 7,500 नगद पंचों के समक्ष विधिवत जप्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना मुंगावली में अपराध क्रमांक 462/26, धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मौके से कुछ व्यक्ति भागने में सफल रहे, जिनकी तलाश की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से जानकारी प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति फोन के माध्यम से लोगों को जुआ खेलने के लिए बुलाते हैं तथा संगठित रूप से जुआ संचालित करते हैं। ऐसे व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नंबर प्राप्त होने पर उनके संबंध में जांच की जा रही है।

शक्ति संचय अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जन अभियान परिषद शासन व समाज के बीच निभा रही भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

सेक्टर क्रमांक-3 ढाकोनी के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नैथाई, शिमला पहाड़ी एवं श्री आनंदपुर में नवांकुर योजना के तहत प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत प्रस्फुटन क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से की गई। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों एवं समिति सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया और प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ हुआ।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में प्रशिक्षक एवं पूर्व मेंटरअमित शर्मा ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के परिचय, उद्देश्य एवं लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जन अभियान परिषद शासन और समाज के बीच समन्वय स्थापित करते हुए जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन के लिए



महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी संदेशों को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अमित गोस्वामी ने प्रस्फुटन समितियों के स्वयंसेवी संगठन के रूप में उन्नयन विषय पर जानकारी दी। उन्होंने समिति सदस्यों को संगठित होकर स्थानीय समस्याओं की पहचान करने तथा उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।

संवाद कौशल को बताया सामाजिक कार्य की महत्वपूर्ण कड़ी

प्रशिक्षण के तृतीय सत्र में ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक ने संवाद कौशल की आवश्यकता एवं उसकी तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों में प्रभावी संवाद बेहद महत्वपूर्ण है। समिति के सदस्य ग्रामीणों से बेहतर संवाद स्थापित कर योजनाओं की जानकारी, सामाजिक जागरूकता एवं जनहित के संदेश प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

दस्तावेजीकरण पर विशेष प्रशिक्षण

चतुर्थ सत्र में मेंटर आस्था रघुवंशी ने समिति के कार्यों में दस्तावेजीकरण की उपयोगिता बताते हुए विभिन्न अभिलेखों के संधारण की जानकारी दी। उन्होंने बैठक रजिस्टर, गतिविधि रजिस्टर, सदस्यता रजिस्टर, ग्राम सर्वे रजिस्टर, आवक-जावक रजिस्टर, फोटो फाइल एवं पेपर न्यूज फाइल सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संधारित करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि किसी भी सामाजिक संस्था की गतिविधियों को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण है। इससे संस्था द्वारा किए गए कार्यों का रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है और भविष्य की गतिविधियों की बेहतर योजना बनाने में भी सहायता मिलती है। समितियों से लिया फीडबैक, नशामुक्ति और स्वच्छता की दिलाई शपथ। सभी उपस्थित सदस्यों को संस्था द्वारा पेन डायरी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक द्वारा विभिन्न प्रस्फुटन समितियों से उनके कार्यों एवं गतिविधियों को लेकर फीडबैक लिया गया। समिति सदस्यों ने अपने क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं सामने आ रही चुनौतियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों को नशामुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

शिकायतों के निराकरण में अशोकनगर पुलिस प्रदेश में 2 माह से प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला पुलिस के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की प्राथमिकता से सुनवाई की गई। प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। इस सतत एवं प्रभावी प्रयास का परिणाम यह रहा कि माह सितंबर 2026 की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 96.67 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो कि जिला पुलिस की कार्यकुशलता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि माह अगस्त की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 97.57 प्रतिशत स्कोर एवं माह सितम्बर में 96.67 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल



किया है इस प्रकार जिला अशोकनगर विगत 02 माह से प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। पूर्व में भी जिला अशोकनगर लगातार तीन माह तक पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा इस उपलब्धि के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए निर्देशित किया है कि भविष्य में भी इसी समर्पण, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।